हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए 211 किलोग्राम...



10 मौसम के बदले तेवरः वायरल बुखार मलेरिया व जुकाम...





## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4451
सरसों
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6630
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5850
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6771
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव- 3045
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6100
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव- 1750
धान
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव- 2800
मूंग
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2300
बटरी
न्यूनतम भाव-2710
उच्चतम भाव-4510
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6460
गेंहू
न्यूनतम भाव-2380
उच्चतम भाव-3810
मूंगफली
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3250

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 18962 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# पुलिस, एंबुलेंस ने बरती लापरवाही,घायल विक्षिप्त की हो गई मौत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में नागरिकों, प्रशासन और 108 सेवाओं की संवेदनहीनता एक बार फिर उजागर हुई। तिरंगा चौक पर गंभीर रूप से घायल एवं कई दिनों से भूखे प्यासे मानसिक अस्वस्थ व्यक्ति की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से तिरंगा चौक के पास एक मानसिक रुप से विक्षिप्त दिखाई दे रहा था। जो दो दिनों से तिरंगा चौक के पास झाड़ियां में भूख, प्यासा पड़ा हुआ था। लोग इसे देखते जा रहे थे, लेकिन किसी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया।



मंगलवार की दोपहर कुछ जागरूक लोगों ने इस विक्षिप्त की सूचना तहसीलदार अरविंद यादव को दी। उनके निर्देश पर डायल 112 मौके पर पहुंची भी, लेकिन अपने अधिकार क्षेत्र का काम न होने की बात कहकर डायल 112 के कर्मचारी वापस लौट गए। इसके बाद 108 एंबुलेंस को भी सूचित किया गया, लेकिन वह भी मौके पर पहुंचकर बिना मदद किए चली गई।

ऐसे में वहां रहने वाले जागरूक युवा दीपक गुप्ता ने अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यों को सूचित किया। जिसके बाद समाजसेवी नीलेश चतुर्वेदी, मयंक टांक, नीरज जैन आदि मौके पहुंचे और उस भूखे प्यासे युवक को जूस एवं पानी पिलाया। फाउंडेशन के सदस्यों ने भी सूचना प्रशासन को दी। वहीं नीलेश चतुर्वेदी ने अपना घर आश्रम विदिशा को इस विक्षिप्त की जानकारी दी। जिसके कुछ देर बाद ही विदिशा से आश्रम का वाहन मौके पर पहुंच गया था, साथ ही तहसीलदार के निर्देश के बाद एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची, लेकिन पेट में गहरा घाव और गंभीर रूप से घायल होने के साथ ही कई दिनों से भूखे प्यासे इस विक्षिप्त ने सरकारी मदद लेने से पहले ही दम तोड दिया। लोगों, प्रशासन और स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही से एक व्यक्ति की जान चली गई। बाद में पुलिस ने शव बरामद कर उसे परीक्षण के लिए पहुंचाया। साथ ही मर्ग कायम कर अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। उधर अनिल दाऊ फाउंडेशन ने बुधवार को इस अज्ञात मृतक का ससम्मान अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया है।

### दीपावली और आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की जा रही कार्रवाई

# खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए 211 किलोग्राम मावा जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

दीपावली पर्व के चलते मावे की मिठाईयों की बढ़ती मांग को देखते हुए और नकली मावे की खपत पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग एवं नपा अमले द्वारा समय समय पर जांच अभियान चलाकर मावा, मिठाईयों की जांच की जा रही है। इसी के तहत मंगलवार को प्रशासन ने बरेठ रोड पर एक मावा कारोबारी के पास से करीब 2 क्विंटल से अधिक मावा जब्त किया है और उसके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं नपा अमले ने भी होटलों एवं दुकानों की जांच की।

ज्ञात हो कि दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मावा एवं मिठाईयां की जांच के लिए चल रहे राज्य स्तरीय अभियान के अंतर्गत एसडीम संतोष बिटौलिया के निर्देश पर गठित दल द्वारा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सुहाग लॉज स्थित





मावे की दुकान का निरीक्षण किया गया। यहां पर किसी प्रकार का मावा नहीं पाया गया। इसके बाद टीम ने सुभाष निकेतन वाली गली स्थित कैलाश प्रसाद साहू के मकान से मावे के तीन नमूने लिए गए तथा शेष 211 किलो मावा जब्त किया गया। जब्त किए गए मावे का बाजार मूल्य 63300 रुपए बताया गया है। जांच दल द्वारा लिए गए तीनों नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि इसी कारोबारी के पास से गत वर्ष सैकडों क्विंटल दूषित मावा पाया गया था।

वहीं नगरपालिका स्वास्थ्य निरीक्षक आरके नेमा द्वारा नगर की 6 होटलों की जांच की गई। जिनमें दूषित प्रकार की बर्फी, मावे की जलेबी, मीठे समोसे एवं पोहा नमकीन आदि को मौके पर नष्ट कराया गया एवं होटल संचालकों को हिदायत दी गई कि वह दीपावली पर साफ स्वच्छ वातावरण में मिठाइयां तैयार करें, अमानक रंगों का इस्तेमाल न करें नकली मावा एवं अप्राकृतिक संसाधनों से तैयार किए गए मावे की मिठाइयों का विक्रय ना करें। वर्तमान में दीपावली त्यौहार नजदीक होने के चलते होटलों की जांच का कार्य निरंतर जारी रहेगा। इसी के साथ बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों एवं होटल की जांच की गई और उन पर 500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।जिन दुकानदारों के पास दूषित प्रकृति की मिठाइयां, मावा अथवा नमकीन इत्यादि सामग्री पाई जाती है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्लेटफार्म से नल की टोंटी कर ली चोरी, फालतू बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



स्थानीय रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रेल्वे द्वारा रेलयात्रियों के लिए पेयजल के लिए नल लगाए गए हैं। लेकिन इन नलों की टोंटियां अज्ञात लोगों द्वारा निकाल ली गई हैं, जिससे पानी फालतू बह रहा है। जागरुक रेल यात्रियों द्वारा रेल्वे के अधिकारियों से नलों में टोंटियां लगाए जाने की मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि रेल्वे स्टेशन पर साफ, सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है रेल्वे परिसर सहित प्लेटफार्म पर कचरे के ढेर दिखाई देते हैं। जिससे रेल यात्रियों, अपडाउनरों को आवागमन के दौरान नाक बंद कर जाना पड़ता है।

# त्योंदा पुलिस ने पकड़ा नाबालिग से दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा पुलिस ने गत दिवस नाबालिग पीडिता द्वारा अपने साथ एक साल पहले हुए दुष्कर्म के संबंध में एक शिकायती आवेदन गत दिवस 13 अक्टूबर को त्योंदा थाने में दिया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीडिता द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि देलवाडा निवासी प्रवेश मैना से लगभग डेढ़ वर्ष पहले पीड़िता की दोस्ती हुई थी। गत वर्ष 13 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे आरोपी प्रवेश ने नाबालिक पीड़िता को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पीडिता गर्भवती हो गई और उसके माता पिता उसे झाड फूंक कराते रहे। बाद में महिला चिकित्सक से जांच कराने पर उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पीडिता के माता पिता ने उसे उसके मामा के पास इंदौर भेज दिया। जहां गत 29 जुलाई को पीडिता ने एक बच्ची को जन्म दिया। आवेदन में बताया गया है कि समाज में बदनामी के डर और बच्ची का पालन पोषण न कर पाने के कारण परिजनों ने नवजात को भोपाल निवासी आशीष श्रीवास्तव को सौंप दिया था।

पीडिता के आवेदन पर त्योंदा पुलिस ने धारा 64(2)(i) बीएनएस , 5j(ii), 6 पॉक्सो एक्ट एवं 3(1)(W)(I), 3(2)(V) एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी प्रवेश मैना को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, रविन्द्र तोमर, प्रदीप अलावे ,शिवम तोमर, सतेन्द्र, सुभाष चंद्र, छविराम त्यागी, प्रवेश चौधरी, मोनिका यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

**गंजबासौदा।** मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज में जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता विषय पर ऑनलाइन एक दिवसीय वेबीनार संपन्न हुआ। उक्त आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के मार्गदर्शन तथा संयोजक डॉक्टर देवराज सिंह द्वारा किया गया। वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉक्टर फिरोज अहमद, विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र हिमालयन विश्वविद्यालय ईटानगर अरुणाचल प्रदेश तथा डॉ. संजीव सराफ उप ग्रंथपाल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी उत्तर प्रदेश रहे। इसके साथ ही महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार जैन, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. विजय कुमार शाक्य, डॉ. वारिस जैन ने तकनीकी सत्र में अपने शोध पत्रों का वाचन किया। अतिथियों का परिचय डॉ. पुष्पेंद्र सिंह तथा रुचि जैन द्वारा दिया गया। इस वेबीनार में प्रस्तुत मुख्य वक्तव्य तथा अन्य शोध पत्रों का सारांश अजीता बाई मीना द्वारा प्रस्तुत किया गया। वेबीनार का सफल आयोजन एवं संचालन डॉक्टर देवराज सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रवि शर्मा द्वारा किया गया।

### आम रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया आवेदन

**गंज बासौदा।** सुनेटी गांव के ग्रामीणों ने आम रास्ते पर अवैध कब्जे और बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर एसडीएम संतोष बिटोलिया को एक आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक पुराने आम रास्ते पर एक व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस रास्ते का उपयोग बस्ती के लोग कई वर्षों से कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें निकलने में परेशानी हो रही है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से इस अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। बिजली संबंधी शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि हरिजन बस्ती में लगभग 15 से 20 घरों तक न तो विद्युत केबल लाइन है और न ही कोई डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर) स्थापित है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली पहुंचाने के लिए काफी लंबी केबल खींचनी पड़ती है, जिससे आए दिन परेशानी होती है और हादसे का डर भी बना रहता है।

### गुमटी का ताला तोड़ डेढ़ लाख की चोरी

**गंजबासौदा।** रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने जय स्तंभ चौक पर यातायात पुलिस चौकी के सामने एक गुमटी का ताला तोड़ दिया। चोर गुमटी से करीब डेढ़ लाख रुपए की सामग्री चुरा ले गए। चोरी गई चीजों में कई ब्रांड की सिगरेट, गुटखा, बीड़ी, पान मसाला, पान बहार, 12 हजार रुपए नकद और 2800 रुपए के सिक्के शामिल हैं। सुबह जब दुकानदार तेज सिंह जाट दुकान पर पहुंचे तो गुमटी का ताला टूटा मिला। उन्होंने तुरंत सिटी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तेज सिंह ने बताया कि वह थोक में सिगरेट, पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पादों का कारोबार करते हैं। इसलिए दुकान में सभी ब्रांड का स्टॉक रहता है। जय स्तंभचौक पर देर रात तक ट्रैफिक चलता है, इसके बावजूद चोरी की घटना घटित होना चिंता का विषय है।

# चिकित्सकों ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मंगलवार को श्रद्धेय अनिल यादव पत्रकार भवन में पत्रकार भवन में आईएमए की गंजबासौदा शाखा के पदाधिकारियों द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की दुखद मृत्यु और डॉ. प्रवीण सोनी की न्यायिक हिरासत को लेकर डॉक्टरों ने गंभीर सवाल उठाए। आईएमए संगठन के अध्यक्ष डॉ. केके तिवारी ने कहा कि यह घटना केवल औषधि से हुई त्रासदी नहीं, बल्कि प्रशासनिक उत्तरदायित्व और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रणाली की परीक्षा है। जिन कंपनियों की दवाइयों से यह हादसा हुआ उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन सरकार द्वारा डॉक्टरों पर कार्रवाई करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय भी है। उन्होंने कहा कि अगर दवाइयों की गुणवत्ता की समय पर जांच की जाती तो ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती थीं। डॉ. तिवारी ने प्रशासन और विभाग से मांग की कि बिना ठोस सबूतों के डॉक्टरों पर कार्रवाई न की जाए। आईएमए के सचिव डॉ. रविन्द्र चिढार, उपाध्यक्ष डॉ महेन्द्र बाजौरिया, डॉ सुधीर अग्रवाल, डॉ अतुल जैन, डॉ शंकुल जैन, डॉ यूएस रावत, डॉ चेतन बामोरिया सभी ने प्रशासन से मांग की है कि डॉ सोनी की गिरफ्तारी पर विचार कर मामले की गहन समीक्षा की जाए, उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए, औषधि निरीक्षक एवं निर्माण इकाई के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो, किसी चिकित्सक पर विभागीय जांच लंबित रहने पर कोई आपराधिक कार्रवाई न की जाए। चिकित्सकों ने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त लैब नहीं हैं और यह हादसा सरकारी तंत्र की गलती एवं लापरवाही से हुआ है, इसमें चिकित्सक दोषी नहीं है।

### जनसुनवाई में आए 29 आवेदन

**गंज बासौदा।** मंगलवार को तहसील पटवारी सभागृह में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने शिकायतों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। ग्राम महमूदा से आए काशीराम अहिरवार ने आवेदन सौंपकर बताया कि बारिश से उनकी सोयाबीन की फसल खराब हो गई है। उन्होंने फसल के मुआवजे के लिए सर्वे कराने की मांग की। जाफराबाद पिपरिया से आई राखी ने किसान सम्मान निधि दिलाने हेतु आवेदन दिया। इस मौके अनेक हितग्राही मौजूद थे।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 60 मरीजों की जांच



**गंजबासौदा।** मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसे जनसेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमे डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. राघव त्रिपाठी ने लगभग 60 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बतलाए। वहीं दूसरी ओर 20 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, 17 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया और 10 लोगों को चश्मे वितरित किए। 15 लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त शिविरों का आयोजन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में एवं रणछोड़ दास महाराज की कृपा से ग्रामीण एवं शहर में लगातार किया जा रहा है। गणेश राम रघुवंशी, जिला अध्यक्ष डॉ. एके जैन, ने सद्गुरु ट्रस्ट की सराहनीय सेवा की तारीफ की। डॉ. राजकरण वर्मा, दिलीप देसाई ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर विजय अरोरा, हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया, अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने अपना सक्रिय सहयोग दिया। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया की ट्रस्ट द्वारा वर्षभर में लगभग 52 हजार से भी अधिक ऑपरेशन किये जाते हैं।

### रक्षा के क्षेत्र में डॉ. कलाम ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया

# विश्व छात्र दिवस के रुप में मनाया जन्मदिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में उनका जन्मदिन विश्व छात्र दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इसकी पूर्व संध्या पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों का सेमरी मे सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्य कारिणी सदस्य राम कमल सिंह रघुवंशी ने बताया रक्षा के क्षेत्र में कलाम ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया। आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बडी महाशक्ति हैं। कलाम का व्यक्तित्व छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई प्रयास किए थे। उनके सम्मान में ही यह दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को प्यार से पीपुल्स प्रेसिडेंट के रूप में भी याद किया जाता है। यह उनका ही कमाल है आज भारत परमाणु शक्ति संपन्न देशों की कतार मे शामिल है। हमको उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवा अवस्था में ही राष्ट्रीय हित में लक्ष्य लेकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को भारत के रामेश्वरम में हुआ था। 18 जुलाई 2002 को उन्हें भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में नामित किया गया। मुख्य अतिथि जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव, साक्षरता सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर और मंदिर के मुख्य पुजारी बालाराम महाराज ने डॉ. कलाम को भारत का सुरक्षा वीर बताते हुए उनके द्वारा भारत को सुरक्षित बनाने अटल बिहारी वाजपेई के कंधे से कंधा मिलाकर किऐ गये परमाणु विस्फोट, मिसाइल तकनीक पर विस्तार से बताया। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह व समाजसेवी फेरन सिंह लोधी ने बताया डॉ. कलाम आज भी लाखों छात्रों के लिए मार्गदर्शक बने हुऐ हैं। विश्व छात्र दिवस उन सभी छात्रों को समर्पित है जो शिक्षा के माध्यम से अपने और समाज के भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। डॉ. कलाम ने हमेशा कहा था कि छात्र ही देश का भविष्य होते हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा और सही दिशा दिखाने की जिम्मेदारी समाज की होती है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य छात्रों के बीच शिक्षा, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सैयद शादाब अली द्वारा बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र वितरित किए। इस मौके पर बडी संख्या में छात्र मौजूद थे।

# विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम पंचायत गुरोद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विमलेश मुड़ैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में किया गया। शिविर में संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, सूचना का अधिकार, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, घरेलू हिंसा में महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, लोक अदालत, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट क्रांति अहिरवार, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह सेन, एडवोकेट राजेश सक्सेना, सुनील बाबू पिंगले, सरपंच धीरज सिंह रघुवंशी, पंचायत सचिव लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी, गणेशराम रघुवंशी, संतोष सोनी, हेमलता चौरसिया, सविता पाल, श्रीकृष्ण कुमार सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने किया।

## खबर संक्षेप

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 23 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थियों ने सीखे आपदा के दौरान बचाव के गुर

**विदिशा।** मंगलवार को इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गंजबासौदा में आपदा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई है। डूबते व्यक्ति को बचाने की तकनीक एवं स्वयं की सुरक्षा उपाय सर्पदंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ साथ विद्युत करंट लगने पर प्राथमिक उपचार की विधि तथा सीपीआर का लाइव प्रदर्शन किया गया था।

### कॉलेज में वेबिनार का आयोजन किया गया

**गुलाबगंज।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज में ऑनलाइन के माध्यम से एक दिवसीय वेबिनार हुआ। इसका विषय जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता था। इस दौरानमहाविद्यालय की प्रभारी प्रचार डॉक्टर मणिमोहन मेहता तथा संयोजक डॉक्टर देवराज सिंह मौजूद रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय ईट नगर अरुणाचल प्रदेश तथा डॉक्टर संदीप सराफा उप ग्रंथपाल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ संजीव कुमार जैन, डॉक्टर रवि शर्मा, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर वारिस जैन आदि ने तकनीकी सत्र में अपनी शोध पत्रों का वाचन किया। अतिथियों का परिचय डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह तथा रुचि जैन द्वारा दिया गया। इस आयोजन का सफल आयोजन एवं संचालन डॉक्टर देवराज सिंह ने किया। आभार डॉक्टर रवि शर्मा ने माना।

### विदिशा ने जीता संभागीय प्रतियोगिता का खिताब

**विदिशा।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित संभागीय स्तर अंडर-17 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर तक एसएटीआई के खेल परिसर में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ और सीहोर की टीमों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल मैच विदिशा और भोपाल के बीच खेला गया। फाइनल में भोपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 15 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में विदिशा की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और खिताब अपने नाम किया। विदिशा के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

### 173 आवेदनों में से 78 का हुआ निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 173 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 78 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में ले मौके पर निराकरण की पहल की है।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में हुआ निर्णय

# एक नवंबर से छोड़ा जाएगा नहरों में पानी उससे पहले पूरा करना है मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में पूर्व मंत्री एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी सहित समिति के अन्य सदस्यों और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 नवंबर से जिले में किसानों को सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। बैठक में नहरों के संचालन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने और जल आपूर्ति की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने कहा कि नहरों की सफाई, मरम्मत और टूट-फूट की मरम्मत कार्य समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए और गत वर्ष नहर संचालन के दौरान उत्पन्न समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए अपर कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि।

### जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि और शमशाबाद विधायक ने कहाः किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध हो, यह सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

अपर कलेक्टर ने कहा कि किसानों तक सिंचाई जल सुगमता से पहुंचे, इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी और विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो। यह सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सिंचाई प्रणाली की कमियों को दूर करने और जल के समुचित उपयोग पर विशेष बल दिया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विगत वर्ष जिन समस्याओं का सामना करना पड़ा, उनका समाधान पहले से सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से नहरों के रखरखाव और संचालन कार्य में गति लाई जा सकती है। अपर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरों की सफाई और मरम्मत के कार्यों की निगरानी नियमित रूप से की जाए।

### बैठक में 8 बिंदुओं पर चर्चा की गई

बैठक में समिति के समक्ष आठ प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें सिंचाई जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा के अनुसार रबी सिंचाई के लक्ष्य का अनुमोदन, पेयजल एवं औद्योगिक उपयोग हेतु जल की मात्रा का निर्धारण, पेयजल एवं औद्योगिक जलकर की बकाया स्थिति, नहरों का संचालन, फसलों के चयन और जल उपयोग की रणनीति, सिंचाई प्रणाली की कमियों का निराकरण, भूगर्भीय और सतही जल के समुचित उपयोग, तथा विद्युत कनेक्शन से पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं नहरों पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

### अधिकारियों ने नेताओं को दिया है आश्वासन

बैठक में जल संसाधन विभाग के तीनों कार्यपालन यंत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से यह आश्वासन दिया कि किसानों को रबी फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध कराया जाएगा और जल प्रबंधन की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

## प्रेमी के साथ भाग रही थी तीन बच्चों की मां

# पति ने रोका तो... प्रेमी ने चाकू मारकर हत्या कर दी


विदिशा। पुलिस ने योजना बनाकर पत्नी से प्रेमी को बुलवाया और दबोच लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खरीफाटक क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात अवैध संबंधों के विवाद के चलते हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पूरनपुरा निवासी बबलू अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। बबलू की पत्नी का भोपाल निवासी दीपक नामक युवक से प्रेम संबंध था। मंगलवार को महिला अपने प्रेमी दीपक के साथ भागने की तैयारी में थी। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। घटनाक्रम के अनुसार जब बबलू ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो दीपक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बबलू को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पत्नी के जरिए ही आरोपी को पकड़ा

वारदात के बाद पुलिस ने महिला से पूछताछ की और उसी के माध्यम से आरोपी को पकड़ने की योजना बनाई। महिला के फोन से दीपक को जिला अस्पताल तिराहे पर बुलाया गया। जैसे ही वह पहुंचा, पहले से घेराबंदी कर खड़ी पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया है।

### भोपाल का निवासी है आरोपी दीपक

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला अवैध संबंधों के विवाद से जुड़ा हुआ है। बबलू पूरनपुरा का निवासी था, जबकि आरोपी दीपक भोपाल का रहने वाला है। आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है।

# नियमों के विरोध में उर्वरक विक्रेताओं ने दुकानें बंद कर कृषि उप संचालक को सौंपी चाबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नई उर्वरक वितरण प्रणाली के विरोध में मंगलवार को उर्वरक लाइसेंसधारी व्यापारियों ने जिलेभर में दोपहर 2 बजे तक दुकानें बंद रखीं। इसके बाद कृषि उप संचालक को ज्ञापन देने पहुंचे और ने अपनी दुकानों की चाबियां सौंप दीं।

व्यापारी घनश्याम बसल ने बताया कि ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसान पूरे दिन भटक रहे हैं और दुकानदारों से विवाद हो रहा है। गोपालदास राठी ने कहा कि नई व्यवस्था में कई समस्याएं हैं और इसे पूरी तैयारी के बिना लागू किया गया है। जिसके कारण व्यापारी परेशान हैं।



### सर्वर बंदः दिन में एक दो कूपन ही बन पाते हैं

राजीव पीतलिया ने बताया कि सर्वर बार-बार बंद होने से दिनभर में सिर्फ एक-दो कूपन ही बन पाते हैं। सिरोंज, लटेरी, बासौदा, शमशाबाद और विदिशा सहित सभी क्षेत्रों में उर्वरक दुकानें बंद रहीं। जिले के कुल 94 उर्वरक विक्रेताओं ने पुरानी व्यवस्था बहाल करने या नई प्रणाली सुधारने की मांग की है। सरकार से अपील की है कि नई वितरण प्रणाली को कम से कम छह माह के लिए रोका जाए, ताकि किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके और विवाद खत्म हो।

### विभाग ने वन भूमि पर चलता ट्रैक्टर जब्त किया

**शमशाबाद।** वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर अवैध रूप से चल रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह ट्रैक्टर ग्राम खंदी के कक्ष वन क्षेत्र में चलता हुआ पाया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अमलतास के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और ट्रैक्टर को वन परिक्षेत्र शमशाबाद कैंपस में जप्त कर रखा गया है। इस प्रकरण में वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई से वन क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी और वन विभाग की सख्ती का स्पष्ट संदेश जाएगा। कार्रवाई के दौरान वन क्षेत्रपाल त्योफिल तिर्की, परिक्षेत्र सहायक शमशाबाद, महेश विश्वकर्मा परिक्षेत्र सहायक बरखेड़ा जागीर , नारायण प्रसाद धनकर परिक्षेत्र सहायक वर्धा, गणपत सिंह अहिरवार परिक्षेत्र सहायक जाट बरखेड़ा ,वन रक्षक पूजा शर्मा एवं अन्य वन स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नपा ने रामलीला मेले में 265 लाइसेंसधारी पटाखा व्यापारियों को आवंटित की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रामलीला मेला परिसर में पटाखा व्यापारियों को दुकानें आवंटित करने की प्रक्रिया नगरपालिका द्वारा पूरी कर ली गई है। नपा ने यहां 285 भूखंड लाइसेंसधारी पटाखा व्यापारियों को आवंटित करने के लिए नंबरिंग की थी। 265 लाइसेंस धारी व्यापारियों ने दुकानों को लिए आवेदन किए।

पटाखा लाइसेंसों के आधार पर व्यापारियों को दुकानें आवंटित की गई हैं। पटाखा बाजार में व्यापारी शासन के नियमों का पालन करें इसके लिए उनसे शपथ पत्र भी भरवाए गए हैं। पटाखा व्यापारियों ने बताया कि लाइसेंस रिन्यू कराने का शुल्क 520 रुपए जमा किया गया। वहीं नगरपालिका ने प्रति दुकान राजस्व के रूप में 3441 रुपए जमा कराए हैं। व्यापारियों ने दुकानें लगाना शुरू कर दिया है। इस बार पटाखा दुकानों के लाइसेंस भी बड़ी संख्या में लिए गए हैं। प्रशासन ने पुराने दुकानदारों के अलावा नए व्यापारियों को भी लाइसेंस जारी किए हैं। दुकान आवंटन करने वाले नपा कर्मचारी सुनील मालवीय ने बताया कि लाइसेंस के आधार पर दुकानें आवंटित की गई हैं। जो भी व्यापारी बचे हैं उन्हे अब दुकानें आवंटित की जाएंगी या नहीं यह प्रशासन तय करेगा।

### नपा को नौ लाख रुपए से अधिक का राजस्व मिला

पटाखा दुकानें आवंटित करने में नगरपालिका को करीब 9 लाख रुपए से अधिक का राजस्व मिला है। नपा ने प्रति दुकानदार 3441 रुपए राजस्व के रूप में पटाखा व्यापारियों से जमा कराए हैं। वहीं रेडक्रास सोसायटी द्वारा भी कुछ व्यापारियों की रसीदें काटी गई हैं। हालांकि इस राशि का उपयोग प्रशासन द्वारा किया जाता है। पटाखा व्यापारियों ने बताया कि इस बार पटाखों के दाम भी बड़े हैं। माल बुक करा दिया गया है। 18 अक्टूबर से 1 नंबर तक के लिए नगरपालिका ने व्यापारियों के लिए दुकानें आवंटित की हैं।

# टेल क्षेत्र के किसानों ने की समय पर पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

नटेरन तहसील अंतर्गत टेल क्षेत्र के किसानों ने नायब तहसीलदार पीयूष जैन को ज्ञापन देकर संजय सागर बाह्य परियोजना की नहर को समय पर चालू करने की मांग की है।

किसानों का कहना है कि टेल क्षेत्र के किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए नहर में समय से 10 दिन पहले पानी छोड़ा जाए। किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष किसान पलेवा भी नहीं हो पाए थे। जिस वजह से बावनी नहीं हो पाई थी और खेत खाली रह गए थे। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले नीलेश रघुवंशी, बृजेश चौकसे, सीताराम दिलेरिया, बृजेंद्र सिंह रघुवंशी आदि किसान मौजूद रहे।




### स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन

**कुरवाई।** एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बुधवार को विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहले हृदय रोग की शिकायतें बुजुर्गो को होती है, अब हृदय रोग की शिकायतें युवा एवं बच्चों को होने की शिकायत आ रही है, इस कारण हदृय रोग से बचाव के संबंध मे हृदय रोग के चिकित्साकों के द्वारा बुधवार को सीपीआर-10 एवं कैंसर रोग से बचाव एवं जागरूकता के संबंध मे प्रशिक्षण का आयोजन अजीविका भवन कुरवाई में रखा गया है। दोपहर 11 बजे से आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं दोपहर 12 बजे से आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर, दोपहर 1 बजे से सेल्स मैन एवं ग्राम कोटवार, दोपहर 2 बजे से शिक्षक (प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक) और दोपहर 4 बजे से पटवारी एवं सचिव को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर में नगर के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों पत्रकार गणों सहित अन्य लोग को भी आमंत्रित किया गया है।

# ट्यूब टायर की दुकान में लगी आग, चार लाख का नुकसान

## शॉर्ट सर्किट से हादसा, एक दिन पहले ही आया था स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- इससे पहले दुकान में चोरी होने से हो गया था काफी नुकसान।

सागर पुलिया क्षेत्र में मंगलवार को एक टायर-ट्यूब की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का नया माल जलकर खाक हो गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सागर पुलिया पर स्थित दयाराम की टायर-ट्यूब की दुकान से धुआं उठता देखा गया। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और दुकानदार को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। दुकान संचालक दयाराम ने बताया कि आग लगने से ठीक एक दिन पहले ही दुकान में नया माल आया था। दयाराम के अनुसार आगजनी में करीब चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया कि दो साल पहले भी उनकी दुकान में चोरी हुई थी, जिसमें लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ था। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। आग लगने के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान शॉर्ट सर्किट का लगाया जा रहा है।

# 27 साल पुरानी खस्ताहाल पुलिया बनी हादसे का कारण

**ग्यारसपुर।** क्षेत्र की जनता आज भी बदहाल सड़क व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता की मार झेल रही है। ग्यारसपुर, गुलावरी, भिदवासन, सनाई, गंजबासौदा मार्ग पर स्थित फुर्तला ग्राम के पास नाले पर बनी पुलिया पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। वर्ष 1997 में बनी यह पुलिया अब कभी भी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकती है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज तक इसका न तो सर्वे किया गया और न ही कोई मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। मासेर के सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल लोधी ने बताया की ग्यारसपुर से बासौदा की दूरी इस मार्ग से मात्र 32 किलोमीटर है, जिसके चलते यह मार्ग आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क पर दो बार डामरीकरण किया जा चुका है और दो-दो टेंडर पास हुए, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि पुलिया निर्माण को आज तक अनदेखा किया गया। यह समझ से परे है कि सड़क तो दुरुस्त की जा सकती है, लेकिन पुलिया नहीं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई और कोई हादसा हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। क्षेत्रीय जनता ने माननीय विदिशा कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि तत्काल पुलिया का सर्वे कर नया पुल स्वीकृत किया जाए, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी जाएगी।



# एनएचएआई के आरोपों पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया पलटवार, कहाः तथ्यहीन और भ्रामक हैं सभी दावे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर एनएचएआई द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा 11 अक्टूबर को एनएचएआई द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह असत्य, भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वास्तविक स्थिति को छिपाया जा रहा है तथा राजनीतिक और ठेकेदारों के दबाव में गलत बयान जारी किया गया। उन्होंने बताया कि वर्षा से पूर्व ही एजेंसी द्वारा स्थल पर खूंटी गाड़ दी गई थी और 5 अक्टूबर को कार्यस्थल पर लेआउट भी डाल दिया गया था, जिसकी सूचना और दस्तावेज दोनों उपलब्ध हैं। ऐसे में कार्य में बाधा डालने का आरोप निराधार है। इससे पूर्व भी संबंधित भूमि पर कार्य किया जा चुका है। अतः यह कहना कि भूमि स्वामी ने प्रवेश बाधित किया, तथ्यहीन और मनगढ़ंत है। अब तक एनएचएआई और एमपीपीटीसीएल द्वारा जारी सभी नोटिस केवल सर्वे नंबर 480/1/1 के नाम पर ही दिए गए हैं। 7 अक्टूबर को तहसीलदार द्वारा भी इसी सर्वे नंबर का नोटिस जारी किया गया, जबकि सीमांकन हुआ ही नहीं था। लगातार बारिश के कारण खेत में प्रवेश भी संभव नहीं था।



### मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया अधूरी

उन्होंने आरोप लगाया कि मुआवजा निर्धारण का कार्य राजस्व निरीक्षक और रजिस्ट्रार की उपस्थिति में होना चाहिए था, किंतु ऐसा नहीं किया गया। संबंधित भूमि वार्ड क्रमांक 37 में स्थित है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी हुई है। नियमों के अनुसार यहाँ 8000 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से दोगुना मुआवजा बनता है, परंतु प्रशासन ने बिना सीमांकन और बिना राजस्व विभाग की उपस्थिति के मुआवजा तय कर प्रक्रिया का उल्लंघन किया।

**टावर के तकनीकी विकल्पों पर प्रश्नः** एनएचएआई का दावा है कि केवल "लैटिस टावर" ही उपयुक्त है, जबकि तकनीकी रूप से मोनोपोल टावर या समान चौड़ाई वाले नेरोबेस टावर भी लगाए जा सकते हैं। मोनोपोल टावर की लागत अधिक आने से ठेकेदारों ने इसे जानबूझकर नज़रअंदाज किया, जिससे भूमि का अधिक भाग अनुपयोगी बना दिया गया। रघुवंशी ने सवाल उठाया कि क्या भविष्य में विदिशा में कभी मोनोपोल टावर नहीं लगाए जाएंगे?

**कार्यस्थल चयन और प्रशासनिक दबावः** उन्होंने कहा कि टावर को सिफ्ट करने की जरूरत केवल इसलिए पड़ी क्योंकि नई सड़क की सतह और बिजली तारों के बीच पर्याप्त क्लियरेंस नहीं था। यदि टावर की ऊँचाई बढ़ा दी जाती, तो समस्या सुलझ जाती। मिनिमम लॉस सिद्धांत के अनुसार स्थान बदलना तकनीकी रूप से संभव था, लेकिन प्रतिशोध की भावना में ऐसा नहीं किया गया। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के नियमों के अनुसार भूमि स्वामी को न्यूनतम नुकसान होना चाहिए।

दिन-रात के तापमान में अंतर से लोगों की बिगड़ रही तबियत

# मौसम के बदले तेवरः वायरल बुखार मलेरिया व जुकाम ने बढ़ाई परेशानी

◆ जिला अस्पताल रायसेन की ओपीडी में आधे से ज्यादा मरीज वायरल बीमारी की चपेट में, मंगलवार को एक हजार 608 मरीजों का आंकड़ा ओपीडी में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के साथ ही मौसम के तेवर बदल गए हैं। दिन में हल्की गर्मी और रात, सुबह शाम में बढ़ती ठंडक के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है। इस बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर दिखने लगा है। शहर के अस्पतालों में इन दिनों वायरल फीवर, खांसी और जुकाम औरडेंगू चिकनगुनिया मलेरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

यही वजह है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को कुल 1608 मरीज पहुंचे, जिनमें अधिकांश वायरल फीवर से पीड़ित थे। डॉक्टरों के अनुसार इस बार वायरल बुखार पांच से छह दिन तक बना हुआ है, जिससे शरीर दर्द और कमजोरी की शिकायत भी बढ़ी है।

हम आपको यह बता दें कि बीते साल डेंगू के मरीज ज्यादा थे लेकिन वे कुछ सीमित क्षेत्रों में ही थे। जबकि इस बार मरीज कम हैं लेकिन संक्रमण लगभग पूरे शहर में हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब तक एक ही स्थान पर मंडीदीप में 7 से ज्यादा मामले मिलने पर ही हॉट स्पॉट माना जाता था। इस बार इतने मरीज किसी इलाके में नहीं है, ऐसे में पांच मरीजों वाले क्षेत्र को ही हॉट स्पॉट माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश के बाद मच्छरों की आबादी बढ़ने से चिकनगुनिया और डेंगू के मामले बढ़े हैं।



### डेंगू-चिकनगुनिया के मामलों में आया उछाल, प्रतिदिन मिल रहे नए मरीज

सैकड़ों लोगों को डेंगू जैसे लक्षण, भर्ती भी हो रहे, पर पॉजिटिव वही जिन्होंने अधिकृत केंद्र में टेस्ट कराया। शहर में डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। आंकड़ों के अनुसार, वहीं चिकनगुनिया की 81 जांच में 3 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसे मिलकर अब तक शहर में डेंगू, चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या आहिस्ता आहिस्ता बढ़ गई है। यह डॉक्टरों के साथ ही आम जनता के लिए भी रहस्यमय स्थिति बनी हुई है कि डेंगू जैसे लक्षण लेकर सैकड़ों लोग प्रतिदिन किसी न किसी अस्पताल में पहुंच रहे हैं, लेकिन पॉजिटिव मरीज उन्हें ही माना जा रहा है जो सरकार द्वारा तय की गई सेंटिनल साइट में एलाइजा टेस्ट में पॉजिटिव आ रहे हैं।

### यह सावधानी बरतना जरूरी

- आइसक्रीम खाने से बचें।
- फ्रिज में रखी चीजें तुरंत न खाएं।
- देर रात बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनें।
- सिर्फ ताजा भोजन का सेवन करें, बासे भोजन के सेवन से बचें।

### एक साथ बीमार हो रहे लोग

सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान सहित डॉक्टरों का कहना है कि मौसम के इस उतार-चढ़ाव में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यदि परिवार में एक व्यक्ति बीमार होता है, तो बाकी सदस्यों को भी जल्द लक्षण दिखाई देने लगते हैं। इसलिए सावधानी और बचाव बेहद जरूरी है।

### कीटनाशक दवा के छिड़काव करने में जुटी हुई है टीम

*जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रियंवदा गुप्ता ने बताया कि डेंगू, चिकनगुनिया मच्छर से फैलती हैं, लेकिन डेंगू में बुखार, सिर दर्द से मरीजों को ज्यादा तकलीफ होती है। जिले में ताजे आंकड़ों के मुताबिक डेंगू के 35, चिकनगुनिया के 8 और मलेरिया के 11 मरीज पॉजिटिव मिले हैं। ब्लॉक स्तर पर मलेरिया विभाग नर्स, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम लार्वा सर्वे और कीटनाशक के छिड़काव में जुटी हैं।*

### सलाह : सावधानी ही बचाव

*जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. एलके गुर्जर ने बताया कि दिन-रात के तापमान में ज्यादा अंतर से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है। ऐसे में वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।*


रायसेन में जिला खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

# मिठाई व नमकीन दुकानों पर छापे खराब मिठाई को जब्त कर नष्ट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

त्यौहारों के मौसम में मिलावट खोरी और नकली खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन और खाद्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार-मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर सहित बेगमगंज तहसील मुख्यालय की कई मिठाई एवं नमकीन दुकानों पर छापामार कार्रवाई की।

इस दौरान विभाग ने 5 से अधिक प्रतिष्ठानों से मिठाई, नमकीन और अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए। जाँच के दौरान एक दुकान पर पुरानी और खराब मिठाई पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। करीब 5 से 8 किलो मिठाई फेंकवाई गई। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना अर्सिया के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने मिठाई और नमकीन के सैंपल लैब टेस्ट के लिए भेजे हैं।



जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना अर्सिया ने कहा त्योहारों के समय मिठाइयों की बिक्री अधिक होती है, ऐसे में उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले, यह हमारी प्राथमिकता है। आज शहर के कई प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए गए हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई निश्चित है।

## खेत के रास्ते को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला, एक गंभीर

**बरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम छींद में खेत के रास्ते के विवाद में हिंसक रूप धारण कर लिया। खूनी संघर्ष में बृजेश रघुवंशी गंभीर घायल हो गया। सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया। झगड़े के दौरान फरसा, लाठियां के साथ बंदूक से फायर कर हमलावरों ने बंदूक की बट से पैर तोड़ने की वारदात भी सामने आई।



ग्राम छींद में खेत के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था एक पक्ष ने रास्ता खुलवाने आवेदन दिया। 3-4 दिनों पूर्व भी पुलिस ने खेत का रास्ता खुलवाया। एक पक्ष खेत में मौजूद था कि दूसरे पक्ष के लगभग एक दर्जन लोग वहां पहुंचे पहले हवाई फायर किया इसके बाद फरसा, लाठियां से हमला किया जिसमें बृजेश गंभीर घायल हो गया।

पुलिस ने कथन लेकर पति के साथ किया रवाना

## एक महीने से लापता युवती प्रेमी से शादी कर पहुंची थाने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिस लापता युवती की पुलिस पिछले एक महीने से तलाश कर रही थी वह लापता युवती अचानक अपने प्रेमी के साथ शादी कर के सलामतपुर थाने पहुंची और अपने कथन दर्ज कराए।

पुलिस ने बताया कि रातातलाई टोरिया निवासी किशनलाल अहिरवार ने 13 सितंबर को थाने में सूचना दी कि उनकी लड़की 21 वर्षीय शिवानी 12 सितंबर को मां के साथ बाजार सामान लेने गई थी और वहां से लापता हो गई। एक महीने बाद शिवानी अपने प्रेमी के साथ थाने पहुंच गई और बताया कि उसने उससे शादी कर ली है।

### जीजा के छोटे भाई से चल रहा था प्रेम प्रसंग

*पूछताछ में पुलिस को शिवानी ने बताया कि उसका प्रेम प्रसंग उसके जीजा के छोटे भाई महेश अहिरवार निवासी ग्राम देवलखेड़ा थाना रायसेन से चल रहा था और वह 12 सितंबर को महेश के साथ ही भाग गई थी। दोनों ने राजी खुशी से आर्य समाज मंदिर, भोपाल में 23 सितंबर को शादी कर ली है। पुलिस ने कथन लेने के बाद बालिग होने के चलते पति के साथ रवाना कर दिया।*

## जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुनकर किया निराकरण

**रायसेन।** शहर के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय द्वारा अपनी समस्या लेकर आए नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंबाडी में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा के शासकीय होम्योपैथिक औषधालय एवं एचडब्लूसी सेमरा द्वारा ग्राम पंचायत अंबाडी में मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। जिसमें शासकीय होम्योपैथिक अधिकारी मनोज साहू, कंपाउंडर आलोक सिंह और किशन लाल खरे द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्त अल्पता, बवासीर, चर्म रोग, स्त्री रोग एवं मौसमी बीमारियों से बचाव, अन्य सभी रोगों का परीक्षण किया। परीक्षण के उपरांत 77 मरीजों को निः शुल्क औषधि वितरण की गई। इस दौरान समस्त स्टाफ को ग्रामीण उपस्थित रहे।




## मतदान केंद्रों पर पहुंचकर प्रेक्षक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का लिया जायजा

**रायसेन।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण-2025 की कार्यवाही के प्रेक्षण हेतु सेवानिवृत्त आईएएस अजातशत्रु श्रीवास्तव को प्रेक्षक नियुक्त किया है। मंगलवार को प्रेक्षक अजातशत्रु श्रीवास्तव द्वारा शहर में विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वार्षिक पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया गया।

## वैज्ञानिकों ने किसान संगोष्ठी में दी खेतीबाड़ी की सलाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा व किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, बाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में बाड़ी के ग्राम हरसिली में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. स्वप्निल दुबे ने कहा कि धान-गेहूं फसल चक्र में परिवर्तन करते हुए धान-चना, मसूर को अपनायें एवं खरीफ मौसम में फसल विविधीकरण कर धान के साथ मक्का व उड़द फसलों को लगायें।

इस कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे, वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, धरम सिंह, बीटीएम हीरालाल मालवीय, उन्नत कृषक जितेंद्र सिंह ठाकुर, भरत सिंह ठाकुर, नारायण सिंह एवं संतोष सिंह उपस्थित थे ।

मिठाई व नमकीन की जांच के प्रति जिम्मेदार उदासीन

# कम दामों पर हल्की क्वालिटी की मिठाईयां बेचने लगी होड़

बाहर से आने वाले मावे से बनती है सभी प्रकार की मिठाईयां, विक्रेताओं में जांच का नहीं डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दीपावली का सीजन शुरू हो गया है इसी के साथ मिष्ठान भंडारों पर विभिन्न प्रकार की मिठाइयां नमकीन का भारी मात्रा में स्टॉक भी हो रहा है।नगर एवं क्षेत्र में मावा का उत्पादन नहीं होता अन्य स्थानों से आता है। उसी मावे से दुकानदारों द्वारा मिठाइयां बनाई जाती हैं। बाहर से आने वाले मावा की क्वालिटी कैसी भी हो अधिक लाभ के लिए उसका दुकानदारों द्वारा भारी उपयोग कर कम दामों पर मिठाईयां बेचने की दुकानदारों के बीच होड लगी रहती है

### खाद्य विभाग बना उदासीन

नगर में विभिन्न प्रकार के नमकीन बनाने की फैक्ट्री बड़ी दुकान है। इसी के साथ नगर की प्रत्येक प्रमुख सडक़ पर मिठाईयां नमकीन बेचने वाली दुकान नजर आती हैं। दीपावली के पूर्व से आवागमन की सडक़ों पर मिठाइयों के स्टाल लगना शुरू हो गए हैं। दीपावली पर रेडीमेड मिठाइयां खरीदने खाने और खिलाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है।



भारी मात्रा में प्रतिदिन मावा, पनीर, नगर में आ रहा है। मिठाईयां, नमकीन का निर्माण और बेचने दुकानदार सक्रिय बने हुए हैं, परंतु बिक रही खाद्य सामग्रियों की जांच और नमूना लेने के प्रति खाद्य विभाग के जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।

नगर एवं क्षेत्र में मिठाइयों नमकीन के साथ अन्य खाद्य पदार्थ का भारी व्यापार होने के बाद भी हमेशा खाद्य विभाग क्यों उदासीन बना रहता है।खाद्य विभाग की उदासीनता का लाभ उठाकर मिलावट खोर हल्की क्वालिटी की खाद्य सामग्री बेचकर ग्राहकों से मनमानी राशि की वसूली और शोषण से बाज नहीं आते हैं।

### अधिक मुनाफा का अवैध कारोबार

मिठाइयों के साथ डिब्बे का वजन सभी प्रकार की खुली मिठाइयां दुकानदारों द्वारा तौल के समय डब्बे में भरकर किया जाता है। अर्थात पैकिंग के साथ डब्बे भी ग्राहकों को मिठाइयों के दाम पर बेचे जाते हैं। सामग्री के दाम पर डिब्बे बेचने का अतिरिक्त मुनाफा कमाने का अवैध कारोबार भी चल रहा है।

शीघ्र निराकरण के दिए गए निर्देश

## सुनवाईः कलेक्टर ने सिलवानी के लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सिलवानी में आयोजित होने वाली खण्ड स्तरीय जनसुनवाई इस बार आवेदकों के लिए खास रही। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा स्वयं उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे और आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए निराकरण किया।

उन्होंने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और संबंधित अधिकारी को समस्या के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। साथ ही निराकरण उपरांत अवगत कराने के भी निर्देश दिए। प्रायः जनसुनवाई दोपहर 1 बजे तक आयोजित होती है, लेकिन कलेक्टर द्वारा दोपहर ढाई बजे तक जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया।



तहसील प्रांगण में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि खण्ड स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक और शीघ्र निराकरण किया जाए। जनसुनवाई में 300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

# 58 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन, बनेंगी सड़कें और नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में नगर परिषद सिलवानी लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में नगर के वार्ड 1 एवं 2 में लगभग 58 लाख रुपए लागत के सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की विधिवत शुरुआत करते हुए भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, सीएमओ ऋषिकांत यादव एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

वार्ड 1 के आमापानी कॉलोनी में भोपाल रोड से हनुमान मंदिर तक की सड़क का सीसी रोड निर्माण एवं चौड़ीकरण किया जाएगा, जिसकी लागत 23 लाख रुपए है। यह मार्ग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से माँग रहा है, जो अब साकार हो रहा है।

### नगर परिषद अध्यक्ष ने की शुरुआत



वार्ड क्रमांक 2 में टेकरी मंदिर प्रवेश द्वार से महेश लोढ़िया के मकान तक आरसीसी नाली एवं सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त बेगम नदी के पास रोड से जगदीश के मकान तक भी सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों पर कुल 35 लाख रुपए व्यय होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, लखन मेहरा, पप्पू ठाकुर, राजेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कभी नर्मदा क्षेत्र में लाखों क्विंटल सोयाबीन का उत्पादन होता था

# क्षेत्र से गायब सोयाबीन की खेती, धान का बढ़ा रकबा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

खरीफ सीजन में कभी तिलहन की मुख्य फसल सोयाबीन की नर्मदा क्षेत्र के उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के ग्राम में व्यापक स्तर पर खेती हुआ करती थी। सोयाबीन को पीला सोना भी कहा जाता था। वर्ष 2000 के बाद सोयाबीन में वायरस का प्रकोप और उत्पादन मात्र दो से तीन क्विंटल प्रति एकड़ रह जाने से धीरे-धीरे किसानों का मोह भंग होने के साथ तीन-चार वर्ष गन्ने की खेती होती रही।

2005 के बाद क्षेत्र के हजारों किसानों ने सोयाबीन की खेती को पूरी तरह अलविदा कर धान की खेती शुरू की अब क्षेत्र में बासमती और गैर बासमती दोनों प्रकार की धान का लाखों क्विंटल उत्पादन होने से धान की खेती का विशेष क्षेत्र बन गया है।

वर्ष 2000 से पूर्व संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में लाखों क्विंटल सोयाबीन का उत्पादन हुआ करता था। सोयाबीन को नगदी फसल और पीला सोना कहा जाता था। सोयाबीन की खेती क्षेत्र के हजारों किसानों की समृद्धि का मुख्य आधार बन गई थी। सोयाबीन फसल और मिट्टी में वायरस रोग अधिक लगने और किसानों की लागत भी न निकलने से किसानों ने सोयाबीन की खेती कम करना शुरू की वर्तमान में खरगोन के आसपास कुछ किसान सोयाबीन की कम पानी के कारण खेती करने मजबूर बने हुए हैं।

### 2002 के बाद किसानों ने छोड़ दी सोयाबीन फसल की खेती



### भावांतर योजना से दूर किसान

◆ प्रदेश की सरकार द्वारा सोयाबीन की खरीदी बिक्री में भावांतर योजना के अंतर्गत किसानों का पंजीयन कराया जा रहा है। बरेली तहसील में सोयाबीन की खेती की स्थिति शून्य के आसपास होने से दो अंकों में भी पंजीयन हो पाएंगे कम ही उम्मीद है।

### निरंतर बड़ा धान का रकबा

◆ 2 दशक पूर्व धान की खेती बाड़ी के आसपास शुरू हुई। पिछले 15 20 वर्षों में धान का रकबा बढ़ता गया और करीब सीजन में धान की खेती किसानों की पहली पसंद बन गई है। क्षेत्र के किसानों द्वारा बासमती एवं गैर बासमती धान का प्रतिवर्ष लाखों क्विंटल उत्पादन कर देश का चावल भंडार भरा जा रहा है।